प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

16 अक्तूबर 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की 611वीं बैठक

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक बोर्ड की 611वीं बैठक आज भुवनेश्वर में श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बोर्ड ने केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक श्री रतन एन. टाटा की स्मृति में एक शोक प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय बोर्ड के सदस्यों ने आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा की शपथ भी ली।

बोर्ड ने मौजूदा आर्थिक और वित्तीय स्थिति की समीक्षा की, जिसमें उभरते भू-राजनीतिक संघर्षों से उत्पन्न चुनौतियाँ भी शामिल थीं। बोर्ड ने केंद्रीय बोर्ड की विभिन्न उप-समितियों के कामकाज, लोकपाल योजना और चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों की गतिविधियों पर भी चर्चा की।

उप गवर्नर डॉ. माइकल देवब्रत पात्र, श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे. और केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक - श्री सतीश के. मराठे, श्रीमती रेवती अय्यर, प्रो. सचिन चतुर्वेदी, और डॉ. रवींद्र एच. ढोलकिया ने बैठक में भाग लिया। श्री अजय सेठ, सचिव, आर्थिक कार्य विभाग और श्री नागराजू मद्दीराला, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग ने भी बैठक में भाग लिया।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1308